<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 21/08/2024

थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम द्वारा 03 लुटेरों/अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से लूट के 15,000/-रुपये नकद बरामद -

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कनौजिया के पर्यवेक्षण में थाना जहांगीराबाद पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर मु0अ0सं0-235/2024 धारा 309(4)/317(2) भारतीय न्याय संहिता में वांछित 03 अभियुक्तों/लुटेरों 1. उस्मान पुत्र याकूब निवासी ग्राम मोहल्ला चन्दना थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी 2. इमरान हाशमी पुत्र नौशाद 3. लईक पुत्र शकील अहमद निवासीगण कटरा बारादरी नई बस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को आज दिनांक 21.08.2024 को डमौल क्रासिंग की तरफ जाने वाले रास्ते पर पुलिया के पास गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से लूट के 15,000/-रुपये बरामद किए गए।

दिनांक 16/08/2024 को रात्रि के समय सेल्समैन वीरेन्द्र कुमार जायसवाल निवासी मझलेपुर थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी फैजुल्लागंज स्थित शराब की दुकान बन्द करके जा रहे थे तभी अभियुक्तगण द्वारा बनवा क्रासिंग के पास रुपये वाला बैग छीन लिया गया था जिसमें करीब 22,000/-रुपये थे। अभियुक्तगण द्वारा कुछ रुपये खर्च कर दिए गए।

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>

1. उस्मान पुत्र याकूब निवासी ग्राम मोहल्ला चन्दना थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी

2. इमरान हाशमी पुत्र नौशाद निवासी कटरा बारादरी नई बस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी

3. लईक पुत्र शकील अहमद निवासी कटरा बारादरी नई बस्ती थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी

<u>बरामदगी-</u>

15,000/-रुपये नकद

<u>पुलिस टीम-</u>

1.प्रभारी निरीक्षक श्रीमती गीता द्विवेदी थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी

2. व0उ0नि0 श्री विनय कुमार यादव, उ0नि0 श्री रामबदन राम थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी

3. हे0का0 नियाज अहमद,हे0का0 माजिद जमाल थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी

4. का0 सौरभ कुमार,का0 रमाशंकर विश्वकर्मा,का0 सुभाष यादव थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी